राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

## सार्वजनिक सूचना

10 जुलाई 2026 / 19 आषाढ़, 1948 (शक)

**विषय: अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (AIAPGET) – 2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाने के संबंध में।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) वर्ष 2019 से शिक्षा मंत्रालय की स्वीकृति से आयुष मंत्रालय/राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (NCISM)/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (NCH) की ओर से अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (AIAPGET) का आयोजन कर रही है।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (AIAPGET)-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह परीक्षा देशभर के ASU & H महाविद्यालयों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों में संचालित **आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध तथा होम्योपैथी** के एम.डी./एम.एस. पाठ्यक्रमों की अखिल भारतीय कोटा (AIQ) तथा राज्य कोटा सीटों में प्रवेश के लिए एक समान प्रवेश परीक्षा के रूप में आयोजित की जाएगी।

परीक्षा संबंधी गतिविधियों का कार्यक्रम निम्नानुसार है:

| गतिविधि | संभावित तिथि |
|---|---|
| वेबसाइट https://exams.nta.nic.in/aiapget/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना | **10 जुलाई 2026 से 30 जुलाई 2026 (रात्रि 09:00 बजे तक)** |
| क्रेडिट कार्ड यूपीआई के/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | **30 जुलाई 2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)** |
| आवेदन पत्र में संशोधन (Correction Window) | 01 से 02 अगस्त 2026 |
| परीक्षा नगर अग्रिम सूचना पर्ची (Advance City Intimation Slip) | *वेबसाइट पर पृथक रूप से सूचित किया जाएगा* |
| प्रवेश पत्र (Admit Card) जारी किया जाना | *वेबसाइट पर पृथक रूप से सूचित किया जाएगा* |
| परीक्षा की तिथि | **22 अगस्त 2026 (शनिवार)** |
| परीक्षा का माध्यम | कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) |
| प्रश्नपत्र का स्वरूप- | वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय प्रश्न) |
| परीक्षा अवधि | 02 घंटे (120 मिनट) |
| परीक्षा का माध्यम | **आयुर्वेद:** हिन्दी एवं अंग्रेज़ी<br>**होम्योपैथी:** केवल अंग्रेज़ी<br>**सिद्ध:** तमिल एवं अंग्रेज़ी<br>**यूनानी:** उर्दू एवं अंग्रेज़ी |

परीक्षा का आयोजन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (Computer Based Test - CBT) के रूप में किया जाएगा। परीक्षा की अवधि 120 **मिनट** होगी, जिसमें 120 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) होंगे तथा अधिकतम 480 अंक निर्धारित हैं। परीक्षा देशभर के लगभग 122 **परीक्षा नगरों** में आयोजित की जाएगी, जिनकी सूची सूचना पुस्तिका के **परिशिष्ट-I** में उपलब्ध है।

अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट **https://exams.nta.nic.in/aiapget/** पर जाकर भरना होगा। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को सूचना पुस्तिका का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर यह सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों, शैक्षणिक योग्यता, इंटर्नशिप पूर्ण करने, पंजीकरण, आरक्षण संबंधी प्रावधानों तथा अन्य सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करते हैं। केवल आवेदन पत्र जमा करने अथवा AIAPGET-2026 में सम्मिलित होने मात्र से प्रवेश का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अभ्यर्थियों की पात्रता का सत्यापन संबंधित

काउंसलिंग/प्रवेश प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त चरण पर किया जाएगा।

परीक्षा प्रक्रिया की सुरक्षा, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से AIAPGET-2026 में निम्नलिखित नई व्यवस्थाएँ लागू की गई हैं—

- **आधार आधारित प्रमाणीकरण:** अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरते समय आधार के माध्यम से अपना प्रमाणीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यूआईडीएआई (UIDAI) के अभिलेखों में उनका नवीनतम फोटोग्राफ एवं जनसांख्यिकीय विवरण अद्यतन हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी परीक्षा प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी की पहचान का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
- **लाइव फोटोग्राफ कैप्चर (Live Photograph Capture):** पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ को अपलोड करने के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरते समय लाइव फोटोग्राफ भी कैप्चर करना होगा। यही लाइव फोटोग्राफ प्रवेश पत्र एवं स्कोर कार्ड पर भी प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि फोटोग्राफ पर्याप्त प्रकाश, हल्के रंग की पृष्ठभूमि तथा बिना मास्क के स्पष्ट चेहरे (कानों सहित) के साथ लिया जाए। यदि किसी उपकरण में वेबकैम उपलब्ध नहीं है, तो क्यूआर (QR) कोड के माध्यम से मोबाइल फोन से फोटोग्राफ कैप्चर करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- **PwD/PwBD अभ्यर्थियों के लिए UDID आधारित सत्यापन :** PwD/PwBD श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का दावा करने वाले तथा यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (UDID) कार्ड रखने वाले अभ्यर्थियों को उसका विवरण अपलोड करना होगा। इस विवरण का सत्यापन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों के पास UDID कार्ड उपलब्ध नहीं है, उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा, जिसका सत्यापन आवश्यकतानुसार जारीकर्ता प्राधिकारी से कराया जा सकेगा।

परीक्षा शुल्क का भुगतान केवल निर्धारित ऑनलाइन माध्यमों से ही किया जा सकेगा। अभ्यर्थियों को भविष्य के संदर्भ हेतु कन्फर्मेशन पेज तथा शुल्क भुगतान का प्रमाण सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है। प्रत्येक अभ्यर्थी केवल एक ही आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने पर अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

आवेदन करते समय अभ्यर्थी निम्नलिखित बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें—

- *अपलोड किया गया फोटोग्राफ, लाइव फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप एवं स्पष्ट हों।*
- *आवेदन पत्र भरते समय परीक्षा नगरों का चयन सावधानीपूर्वक करें, क्योंकि संशोधन अवधि समाप्त होने के पश्चात परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जा सकती।*
- *प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपना वैध ई-मेल पता एवं मोबाइल नंबर सक्रिय रखें, जिससे राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा भेजी जाने वाली महत्वपूर्ण सूचनाएँ प्राप्त होती रहें।*
- *अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें तथा किसी भी तकनीकी समस्या अथवा वेबसाइट पर अत्यधिक दबाव से बचने के लिए समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें।*

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे **AIAPGET-2026** से संबंधित नवीनतम अद्यतनों, सार्वजनिक सूचनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए नियमित रूप से **www.nta.ac.in** तथा https://exams.nta.nic.in/aiapget/ का अवलोकन करते रहें।

किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी NTA हेल्प डेस्क के दूरभाष संख्या 011-40759000 / 011-69227700 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा **aiapget@nta.ac.in** पर ई-मेल भेज सकते हैं।

निदेशक
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए)

परिशिष्ट-1

## AIAPGET – 2026 हेतु परीक्षा नगरों की सूची

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | परीक्षा नगर | नगर कूट (City Code) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (संघ राज्य क्षेत्र) | पोर्ट ब्लेयर (श्री विजयपुरम) | AN01 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | गुंटूर | AP20 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल | AP22 |
| 4 | आंध्र प्रदेश | नेल्लोर | AP23 |
| 5 | आंध्र प्रदेश | राजमहेंद्रवरम (राजामुंद्री) | AP26 |
| 6 | आंध्र प्रदेश | तिरुपति | AP16 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | AP17 |
| 8 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | AP18 |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर/नाहरलागुन | AL01 |
| 10 | असम | डिब्रूगढ़ | AM01 |
| 11 | असम | गुवाहाटी | AM02 |
| 12 | असम | जोरहाट | AM03 |
| 13 | असम | सिलचर | AM04 |
| 14 | असम | तेजपुर | AM05 |
| 15 | बिहार | भागलपुर | BR02 |
| 16 | बिहार | दरभंगा | BR01 |
| 17 | बिहार | गया | BR03 |
| 18 | बिहार | मुंगेर | BR04 |
| 19 | बिहार | मुजफ्फरपुर | BR06 |
| 20 | बिहार | पटना | BR07 |
| 21 | बिहार | पूर्णिया | BR08 |
| 22 | बिहार | सहरसा | BR05 |
| 23 | चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र) | चंडीगढ़/मोहाली/पंचकुला | CH01 |
| 24 | छत्तीसगढ़ | भिलाई नगर/दुर्ग | CG01 |
| 25 | छत्तीसगढ़ | बिलासपुर | CG02 |
| 26 | छत्तीसगढ़ | रायपुर | CG03 |
| 27 | दादरा एवं नगर हवेली (संघ राज्य क्षेत्र) | सिलवासा | DN01 |
| 28 | दमन एवं दीव (संघ राज्य क्षेत्र) | दमन | DD01 |
| 29 | गोवा | पणजी/मडगांव | GO01 |
| 30 | गुजरात | अहमदाबाद/गांधीनगर | GJ01 |
| 31 | गुजरात | राजकोट | GJ10 |
| 32 | गुजरात | सूरत | GJ11 |
| 33 | गुजरात | वडोदरा | GJ03 |
| 34 | हरियाणा | कुरुक्षेत्र | HR04 |
| 35 | हिमाचल प्रदेश | हमीरपुर | HP01 |
| 36 | हिमाचल प्रदेश | कांगड़ा/पालमपुर | HP04 |
| 37 | हिमाचल प्रदेश | शिमला | HP05 |
| 38 | जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू | JK02 |
| 39 | जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | JK04 |
| 40 | झारखंड | धनबाद | JH02 |
| 41 | झारखंड | जमशेदपुर | JH03 |
| 42 | झारखंड | रांची | JH04 |
| 43 | कर्नाटक | बेंगलुरु | KK04 |
| 44 | कर्नाटक | हुब्बली (हुबली) | KK03 |
| 45 | कर्नाटक | कलबुर्गी (गुलबर्गा) | KK05 |
| 46 | कर्नाटक | मैसूरु (मैसूर) | KK06 |
| 47 | केरल | अलप्पुझा/एर्नाकुलम/कोच्चि | KL01 |
| 48 | केरल | कोझिकोड (कालीकट) | KL08 |
| 49 | केरल | मलप्पुरम | KL09 |
| 50 | केरल | तिरुवनंतपुरम | KL17 |
| 51 | केरल | त्रिशूर | KL18 |
| 52 | लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र) | लेह | LL01 |
| 53 | लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र) | कवरत्ती | LD01 |
| 54 | मध्य प्रदेश | भोपाल | MP03 |
| 55 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | MP06 |
| 56 | मध्य प्रदेश | इंदौर | MP07 |
| 57 | मध्य प्रदेश | जबलपुर | MP08 |
| 58 | मध्य प्रदेश | सागर | MP12 |
| 59 | महाराष्ट्र | अहमदनगर/अहिल्यानगर | MR01 |
| 60 | महाराष्ट्र | अमरावती | MR03 |

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | परीक्षा नगर | नगर कूट (City Code) |
|---|---|---|---|
| 61 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद/छत्रपति संभाजीनगर | MR04 |
| 62 | महाराष्ट्र | जलगाँव | MR13 |
| 63 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | MR14 |
| 64 | महाराष्ट्र | नांदेड़ | MR18 |
| 65 | महाराष्ट्र | मुंबई/नवी मुंबई/ठाणे/कल्याण | MR06 |
| 66 | महाराष्ट्र | नागपुर | MR17 |
| 67 | महाराष्ट्र | नासिक | MR07 |
| 68 | महाराष्ट्र | पुणे | MR22 |
| 69 | महाराष्ट्र | लातूर | MR23 |
| 70 | महाराष्ट्र | सोलापुर | MR08 |
| 71 | मणिपुर | चुराचांदपुर | MN02 |
| 72 | मणिपुर | इम्फाल | MN01 |
| 73 | मेघालय | शिलांग | MG01 |
| 74 | मिजोरम | आइजोल | MZ01 |
| 75 | नागालैंड | कोहिमा | NL01 |
| 76 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | नई दिल्ली | DL01 |
| 77 | ओडिशा | बालासोर | OR01 |
| 78 | ओडिशा | बरहामपुर-गंजाम | OR02 |
| 79 | ओडिशा | भुवनेश्वर | OR04 |
| 80 | ओडिशा | ढेंकानाल | OR05 |
| 81 | ओडिशा | राउरकेला | OR06 |
| 82 | ओडिशा | संबलपुर | OR09 |
| 83 | पुडुचेरी | पुडुचेरी | PU01 |
| 84 | पंजाब | अमृतसर | PB01 |
| 85 | पंजाब | लुधियाना | PB05 |
| 86 | पंजाब | पटियाला/फतेहगढ साहिब | PB08 |
| 87 | राजस्थान | अजमेर | RJ01 |
| 88 | राजस्थान | बीकानेर | RJ05 |
| 89 | राजस्थान | जयपुर | RJ06 |
| 90 | राजस्थान | जोधपुर | RJ07 |
| 91 | राजस्थान | कोटा | RJ08 |
| 92 | राजस्थान | श्रीगंगानगर | RJ02 |
| 93 | राजस्थान | उदयपुर | RJ11 |
| 94 | सिक्किम | गंगटोक | SM01 |
| 95 | तमिलनाडु | चेन्नई | TN01 |
| 96 | तमिलनाडु | कोयंबटूर | TN02 |
| 97 | तमिलनाडु | मदुरै | TN08 |
| 98 | तमिलनाडु | सेलम | TN11 |
| 99 | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली | TN07 |
| 100 | तमिलनाडु | तिरुनेलवेली | TN09 |
| 101 | तेलंगाना | हैदराबाद | TL01 |
| 102 | तेलंगाना | महबूबनगर | TL02 |
| 103 | तेलंगाना | सिद्दिपेट/करीमनगर | TL03 |
| 104 | तेलंगाना | निजामाबाद | TL04 |
| 105 | तेलंगाना | वारंगल | TL07 |
| 106 | त्रिपुरा | अगरतला | TA01 |
| 107 | उत्तर प्रदेश | आगरा | UP01 |
| 108 | उत्तर प्रदेश | बरेली | UP04 |
| 109 | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर | UP08 |
| 110 | उत्तर प्रदेश | झाँसी | UP09 |
| 111 | उत्तर प्रदेश | कानपुर | UP11 |
| 112 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | UP12 |
| 113 | उत्तर प्रदेश | मेरठ | UP05 |
| 114 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | UP13 |
| 115 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी | UP18 |
| 116 | उत्तराखंड | देहरादून | UK01 |
| 117 | उत्तराखंड | हल्द्वानी | UK02 |
| 118 | उत्तराखंड | रुड़की | UK03 |
| 119 | पश्चिम बंगाल | बर्दवान | WB02 |
| 120 | पश्चिम बंगाल | दुर्गापुर | WB03 |
| 121 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | WB10 |
| 122 | पश्चिम बंगाल | सिलीगुड़ी | WB11 |